# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक जागरण......

दिनांक 15.4.2019 पृष्ठ सं. 17 कॉलम 3-6

# अविस्मरणीय है डा. आंबेडकर का योगदान

जागरण संवाददाता, हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में स्थापित डा. बीआर आंबेडकर चेयर द्वारा समाज शास्त्र विभाग के सहयोग से भारत रत्न डा. भीम रॉव आंबेडकर की 128 वीं जयंती के उपलक्ष्य में सामाजिक व आर्थिक न्याय विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि थे।




कुलपति प्रो. केपी सिंह प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए।

उन्होंने कहा कि भारतीय समाज के उत्थान में डा. बीआर आंबेडकर का योगदान अविस्मरणीय है, वे अपने समय में एशिया के सबसे ज्यादा पढ़े लिखे व्यक्तियों में से एक थे। बीआर आंबेडकर ने एक लेखक, राजनेता, समाज सुधारक, कानून विशेषज्ञ, शिक्षा शास्त्री और समालोचक के रूप में युवा पीढ़ी के समक्ष एक आदर्श प्रस्तुत किया। बीआर आंबेडकर ने भारत के संविधान के निर्माता के रूप में अपनी एक अमिट छाप छोड़ी है तथा वे सामाजिक न्याय और पिछड़े वर्गों के उत्थान की प्रतिमूर्ति माने जाते हैं।

उन्होंने कहा कि भविष्य में इस उपलक्ष पर छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए विश्वविद्यालय में डा. भीम रॉव अंबेडकर के जीवन पर आधारित पोस्टर व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के संयुक्त सचिव डा. जीएस चौहान इस अवसर पर मुख्य वक्ता थे। उन्होंने बाबा साहेब के सामाजिक व आर्थिक न्याय पर प्रकाश डाला। डा. राजवीर सिंह, डा. बलवान सिंह, रतिराम चौहान, डा. सुमन व राजबीर, कनिका व दिव्या के अलावा विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, शिक्षक, गैरशिक्षक कर्मचारी व छात्र उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार–पत्र का नाम ....अमर उजाला....
दिनांक ...15.4.2019... पृष्ठ सं. ...3... कॉलम ...3-5...

# समाज के उत्थान में डॉ. आंबेडकर का योगदान अविस्मरणीय : प्रो. केपी सिंह

## एचएयू में सामाजिक और आर्थिक न्याय विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में स्थापित डॉ. बीआर आंबेडकर चेयर द्वारा समाज शास्त्र विभाग के सहयोग से भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 128वीं जयंती के उपलक्ष्य में सामाजिक व आर्थिक न्याय विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि थे।




कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित करते कुलपति प्रो. केपी सिंह। *अमर उजाला*

प्रो. केपी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय समाज के उत्थान में डॉ. भीम राव आंबेडकर का योगदान अविस्मरणीय है। वे अपने समय में एशिया के सबसे ज्यादा पढ़े-लिखे व्यक्तियों में से एक थे। उन्होंने एक लेखक, राजनेता, समाज सुधारक, कानून विशेषज्ञ, शिक्षा शास्त्री व समालोचक के रूप में युवा पीढ़ी के समक्ष एक आदर्श प्रस्तुत किया।

उन्होंने कहा कि भविष्य में इस उपलक्ष्य पर छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए विश्वविद्यालय में डॉ. भीम राव आंबेडकर के जीवन पर आधारित पोस्टर व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के संयुक्त सचिव डॉ. जीएस चौहान ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के सामाजिक व आर्थिक न्याय पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष व डॉ. बीआर आंबेडकर चेयर के संयोजक डॉ. बलवान सिंह ने चेयर के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर रतिराम चौहान, डॉ. सुमन, राजबीर, कनिका, दिव्या सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, शिक्षक, गैरशिक्षक कर्मचारी व छात्र उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....पंजाब केसरी....
दिनांक 15.4.2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 4-6

# जिलेभर में मनाई डा. अम्बेदकर जयंती

हिसार, 14 अप्रैल (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में समाज शास्त्र विभाग के सहयोग से डा. अम्बेदकर की 128वीं जयंती के उपलक्ष्य में सामाजिक व आर्थिक न्याय विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कुलपति प्रो: के.पी. सिंह मुख्यातिथि थे। वहीं जागो मानव-बनो इंसान संस्था ने बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनाई। संस्था के अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्त्ता राजेश हिंदुस्तानी ने डा.अम्बेदकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं अनुसूचित जाति, जनजाति कर्मचारी संघ द्वारा चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रधान श्रवण निरोल ने की। संघ के उपप्रधान दिनेश मांगल ने बाबा साहेब के जीवन पर अपने विचार रखे।

वहीं, कांग्रेस भवन में भी डा.अम्बेदकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन भूपेंद्र गंगवा व अन्य कांग्रेस नेताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अश्विनी शर्मा, संदीप




*दीप प्रज्वलित करते कुलपति प्रो. के.पी. सिंह।*

वशिष्ठ, भीम सिंह महेशवाल, सतीश शर्मा, लीलूराम चौहान आदि मौजूद थे। वहीं डा. अम्बेदकर और महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती गुरु रविदास भवन एवं छात्रावास में मनाई गई। कार्यक्रम में पूर्व आई.जी. डा. दलबीर भारती, सत्यप्रकाश परिहार, बलराज सिंह सभ्रवाल, जसवंत सिंह एक्स.ई.एन., आनंद कुमार एक्स.ई.एन., प्रदीप सरोहा, डा. वीरेंद्र सिंह, डा. खुजान सिंह, डा. कश्मीरी लाल प्रमुख रूप से आमंत्रित अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में ख्याति पाने वाले गण्यमान्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं, अग्रोहा के गांव कालीरावण में डा. अम्बेदकर जयंती मनाई गई। इस मौके पर वक्ता पाल सिंह ने कहा कि जहां महापुरुषों का आदर होता है वह देश हमेशा तरक्की के रास्ते पर अग्रसर होता है। इस अवसर पर धर्मबीर, महाबीर, कुलदीप, जगदीश, दलबीर, दिलीप, राजेंद्र दिनेश व नरेश आदि मौजूद थे।

**उकलाना मंडी, (मनोज):** गुरु रविदास सेवा ट्रस्ट उकलाना द्वारा डा. भीमराव अम्बेदकर भवन में ट्रस्ट के प्रधान दिलबाग सोढी की अध्यक्षता में 128 वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर बलबीर बौद्ध, संतोष सोढी, धर्मबीर सिंह, रामचंद्र प्रभुवाला व चतर सिंह आदि मौजूद थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....हरि भूमि....
दिनांक ..15.4.2019.. पृष्ठ सं. ..20.. कॉलम ..3-8..

## हकृवि में सामाजिक व आर्थिक न्याय पर संगोष्ठी का आयोजन

# एशिया में तब सबसे ज्यादा शिक्षित थे डॉ. अंबेडकर : वीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

■ कहा, भारतीय समाज के उत्थान में डॉ. भीमराव अंबेडकर का योगदान अविस्मरणीय

हकृवि के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में स्थापित डॉ. बीआर अंबेडकर चेयर द्वारा समाज शास्त्र विभाग के सहयोग से भारत रत्न डॉ. भीमराँव अंबेडकर की 128वीं जयंती के उपलक्ष्य में सामाजिक व आर्थिक न्याय विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केंपी सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज के उत्थान में डॉ. भीमराव अंबेडकर का योगदान अविस्मरणीय है, वे अपने समय में एशिया के सबसे ज्यादा पढ़े लिखे व्यक्तियों में से एक थे।

डॉ. अंबेडकर ने एक लेखक, राजनेता, समाज सुधारक, कानून विशेषज्ञ, शिक्षा शास्त्री व समालोचक के रूप में युवा पीढ़ी के समक्ष एक आदर्श प्रस्तुत किया। बाबा साहेब ने संविधान की संरचना इतने उत्तम प्रकार से की है कि इसमें कितने भी संशोधन कर लें, इसकी मूल भावना नहीं बदलेगी।

उन्होंने कहा कि भविष्य में इस उपलक्ष पर छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए विश्वविद्यालय में डॉ. भीम रॉव अंबेडकर के जीवन पर आधारित पोस्टर व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के संयुक्त सचिव डॉ. जीएस चौहान इस अवसर पर मुख्य वक्ता थे। उन्होंने डॉ. अम्बेडकर के जीवन के बारे में बताया कि उनका जन्म मध्यप्रदेश के मऊ जिले में 14 अप्रैल, 1891 को हुआ, उनके पिता फोजी थे। इससे पूर्व मेजबान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजवीर सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुये बताया कि बाबा साहेब डॉ. बी. आर. अंबेडकर स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री एवं भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक भास्कर......
दिनांक 13.4.2019 पृष्ठ सं. ....7.... कॉलम ....3-4....

# एचएयू में बौद्धिक सम्पदा अधिकारों पर प्रशिक्षण शुरू



बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रशिक्षण के दौरान पदाधिकारी व अन्य।

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के विकास एवं प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण आरंभ हुआ। एचएयू की बौद्धिक सम्पदा इकाई द्वारा छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट इकाई के सहयोग से आयोजित इस दस दिवसीय प्रशिक्षण में 40 विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर पर बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला बौद्धिक सम्पदा इकाई की प्रभारी डॉ. मंजू सिंह टोंक ने बताया कि बौद्धिक सम्पदा अधिकारों का मुख्य उद्देश्य बड़ी संख्या में बौद्धिक वस्तुओं के निर्माण को प्रोत्साहित करना है। इस प्रशिक्षण में शोधकर्ताओं को उनके द्वारा किए जाने वाले अनुसंधानों एवं अन्य खोज कार्यों के संरक्षण की जानकारी दी जाएगी। इससे शोधकर्ताओं को उनके बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के प्रबंधन एवं वाणिज्यिक पहलुओं के अंतर्गत लाभ होगा।

इस अवसर पर सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. ओमेन्द्र सांगवान ने छात्रों को काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट इकाई द्वारा किए जाने वाले विभिन्न कार्यों के बारे में अवगत कराया और छात्रों को इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........दैनिक जागरण........

दिनांक 13.4.2019 पृष्ठ सं. 20 कॉलम 2-4

# बौद्धिक संपदा अधिकारों पर प्रशिक्षण शुरू

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि में बौद्धिक संपदा अधिकारों के विकास एवं प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण शुक्रवार को आरंभ हुआ। विवि की बौद्धिक संपदा इकाई द्वारा छात्र कल्याण निदेशालय के अन्तर्गत काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट इकाई के सहयोग से आयोजित किए गए। इस दस दिवसीय प्रशिक्षण में 40 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेन्द्र सिंह दहिया ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर पर बौद्धिक संपदा अधिकारों के संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा प्रबंधन में हर स्तर पर जागरूकता लाने की अत्यंत आवश्यकता है तथा इस तरह के आयोजन से इस विषय के महत्व को समझने व दूसरों को जागरूक करने में सुविधा होती है।



प्रशिक्षणार्थी छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेन्द्र सिंह दहिया के साथ।

इस अवसर पर बौद्धिक सपदा इकाई की प्रभारी डा. मन्जू सिंह टोंक ने बताया कि बौद्धिक संपदा अधिकारों का मुख्य उद्देश्य बड़ी संख्या में बौद्धिक वस्तुओं के निर्माण को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा इस प्रशिक्षण में शोधकर्ताओं को उनके द्वारा किए जाने वाले अनुसंधानों एंव अन्य खोज कार्यों के संरक्षण की जानकारी दी जाएगी।

इससे शोधकर्ताओं को उनके बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रबंधन एवं वाणिज्यिक पहलुओं के अंतर्गत लाभ होगा। इस मौके पर सह छात्र कल्याण निदेशक डा. ओमेन्द्र सांगवान ने छात्रों को इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......अमर उजाला, हरि. भूमि

दिनांक 13.4.2019...... पृष्ठ सं. ...6, 16 कॉलम ......6-8, 8

## बौद्धिक संपदा अधिकारों पर प्रशिक्षण शुरू


छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह दहिया के साथ प्रशिक्षणार्थी।

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बौद्धिक संपदा अधिकारों के विकास एवं प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण आरंभ हुआ। विश्वविद्यालय की बौद्धिक संपदा इकाई द्वारा छात्र कल्याण निदेशालय के अंतर्गत काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट इकाई के सहयोग से आयोजित किए गए इस दस दिवसीय प्रशिक्षण में 40 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर पर बौद्धिक संपदा अधिकारों के संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला।

## हकृवि में प्रशिक्षण आरंभ

हिसार। हकृवि में बौद्धिक संपदा अधिकारों के विकास एवं प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण आरंभ हुआ। विश्वविद्यालय की बौद्धिक सम्पदा इकाई द्वारा छात्र कल्याण निदेशालय के अन्तर्गत काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट इकाई के सहयोग से आयोजित किए गए इस दस दिवसीय प्रशिक्षण में 40 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेंद्र सिंह दहिया ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर पर बौद्धिक संपदा अधिकारों के संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा प्रबंधन में हर स्तर पर जागरूकता लाने की अत्यंत आवश्यकता है तथा इस तरह के आयोजन से इस विषय के महत्व को समझने व दूसरों को जागरूक करने में सुविधा होती है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........दैनिक भास्कर........
दिनांक 13.4.2019 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 1-3

# हिमालय की मंकीयानी चोटी फतह करने निकला एचएयू का दल



**25** मैंबर्स हिमालय की मंकीयानी चोटी करेंगे फतह

**6** दिन का है यह कार्यक्रम, कबीलों की संस्कृति को समझेंगे

**सिटी रिपोर्टर** • एचएयू के पर्वतारोहण क्लब के 25 सदस्य हिमालय की मंकीयानी चोटी पर फतह करने के लिए रवाना हुए है। 6 दिन के कार्यक्रम में दल धर्मशाला से होते हुए कांगड़ा जिले के गांव करेरी से होते हुए मंकीयानी चोटी पर चढ़ने का प्रयास करेगा। इससे छात्र गुर्जर व गद्दी कबीलों की संस्कृति से भी वाकिफ होंगे।

## वनस्पति व जीवों का करेंगे अध्ययन

इस बार दल का नेतृत्व डॉ. चंद्रशेखर डागर कर रहे हैं। विद्यार्थी इस अभियान के दौरान वहां की वनस्पति और जीवों का भी अध्ययन करेंगे। स्वच्छ हिमालय कैंपेन की दिशा में विश्वविद्यालय ने अपनी ओर ये कदम उठाएं हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक जागरण......

दिनांक 13-4-2019 पृष्ठ सं. ...20... कॉलम ...7-8...

### एचएयू का दल हिमालय की मंकीयानी चोटी फतह करने को रवाना



छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेंद्र सिंह दहिया के साथ पर्वतारोहण दल।

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के पर्वतारोहण क्लब का 25 सदस्यीय दल हिमालय की मंकीयानी चोटी पर फतह हासिल करने के लिए रवाना हुआ। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने दल को झंडी दिखाकर अभियान के लिए रवाना किया। दल को सुरक्षित व सफल अभियान के लिए शुभकामनाएं दीं। इस छह दिन के कार्यक्रम में यह दल धर्मशाला से होते हुए कांगड़ा जिले के सांस्कृतिक गांव करेरी व करेरी झील जोकि हिमालय पर्वत के पश्चिमी भाग में स्थित है, से होते हुए मंकीयानी चोटी पर चढ़ने का प्रयास करेगा। इस दौरान विद्यार्थी गुर्जर व गद्दी कबीलों की संस्कृति से भी वाकिफ होंगे। इस बार दल का नेतृत्व डा. चंद्रशेखर डागर कर रहे हैं। (जासं)

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....अमर उजाला....

दिनांक 13.4.2019 पृष्ठ सं. ...6... कॉलम ...6-8...

# एचएयू का 25 सदस्यीय दल हिमालय की चोटी फतेह करने को हुआ रवाना

## छह दिन के कार्यक्रम में यह दल धर्मशाला से होते हुए मंकीयानी चोटी पर पहुंचेगा

अमर उजाला ब्यूरो



एचएयू में छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया के साथ पर्वतारोही दल।

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के पर्वतारोहण क्लब का 25 सदस्य दल हिमालय की मंकीयानी चोटी पर फतेह हासिल करने के लिए रवाना हुआ। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने दल को झंडी दिखाकर अभियान के लिए रवाना किया और दल को सुरक्षित व सफल अभियान के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस छह दिन के कार्यक्रम में यह दल धर्मशाला से होते हुए कांगड़ा जिले के सांस्कृतिक गांव करेरी व करेरी झील, जोकि हिमालय पर्वत के पश्चिमी भाग में स्थित है, से होते हुए मंकीयानी चोटी पर चढ़ने का प्रयास करेगा। इस दौरान विद्यार्थी गुर्जर व गद्दी कबीलों की संस्कृति से भी वाकिफ होंगे। बता दें कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय पर्वतारोहण दल समय-समय पर ऐसी साहसिक व रोमांचक गतिविधियों का आयोजन करता रहता है। इस बार दल का नेतृत्व डॉ. चंद्रशेखर डागर कर रहे हैं। विद्यार्थी इस अभियान के दौरान वहां की वनस्पति और जीवों का भी अध्ययन करेंगे। स्वच्छ हिमालय कैंपेन को विश्वविद्यालय द्वारा प्रोत्साहित करने की दिशा में यह एक और कदम है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ...दैनिक ट्रिब्यून, पंजाब केसरी...

दिनांक ...13.4.2019... पृष्ठ सं. ...4,2... कॉलम ...7-8, 7-8...

## हकृवि से पर्वतारोही छात्र दल रवाना



हिसार में शुक्रवार को छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया के साथ विद्यार्थियों का पर्वतारोही दल। -निस

हिसार (निस) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के पर्वतारोहण क्लब का 25 सदस्यीय दल हिमालय की मंकीयानी चोटी फतह करने के लिए रवाना हुआ। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने दल को झंडी दिखाकर रवाना किया। पर्वतारोही दल प्रभारी डॉ. चंद्रशेखर डागर ने बताया कि 6 दिन के अभियान में यह दल धर्मशाला से होते हुए कांगड़ा जिले के सांस्कृतिक गांव करेरी व करेरी झील से होते हुए मंकीयानी चोटी पर चढ़ेगा। इस दौरान विद्यार्थी गुर्जर व गद्दी कबीलों की संस्कृति से भी वाकिफ होंगे। विद्यार्थी इस अभियान के दौरान वहां की वनस्पति और जीवों का भी अध्ययन करेंगे।

## मंकीयानी चोटी पर फतह के लिए एच.ए.यू. का दल रवाना

हिसार, 12 अप्रैल (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के पर्वतारोहण क्लब का 25 सदस्य दल हिमालय की मंकीयानी चोटी पर फतह हासिल करने के लिए रवाना हुआ। छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेंद्र सिंह दहिया ने दल को झंडी दिखाकर अभियान के लिए रवाना किया। 6 दिन के कार्यक्रम में यह दल धर्मशाला से होते हुए कांगड़ा जिले के सांस्कृतिक गांव करेरी व करेरी झील जोकि हिमालय पर्वत के पश्चिमी भाग में स्थित है, से होते हुए मंकीयानी चोटी पर चढ़ने का प्रयास करेगा। इस दौरान विद्यार्थी गुर्जर व गद्दी कबीलों की संस्कृति से भी वाकिफ होंगे। दल का नेतृत्व डा. चंद्रशेखर डागर कर रहे हैं।



दल के साथ छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेंद्र सिंह दहिया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........ हरि-भूमि ........
दिनांक 13.4.2019 पृष्ठ सं. ...16... कॉलम ...2-4...

# मंकीयानी चोटी को फतह करेगा हकृवि का पर्वतारोहण दल



हिसार। छात्र कल्याण निदेशक डॉ: देवेंद्र सिंह दहिया के साथ पर्वतारोहण दल। फोटो : हरिभूमि

■ छात्र कल्याण निदेशक ने दल को अभियान के लिए रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हकृवि के पर्वतारोहण क्लब का 25 सदस्य दल हिमालय की मंकीयानी चोटी पर फतह हासिल करने के लिए रवाना हुआ। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने दल को अभियान के लिए रवाना किया। इस छह दिन के कार्यक्रम में यह दल धर्मशाला से होते हुए कांगड़ा जिले के सांस्कृतिक गांव करेरी व करेरी झील जोकि हिमालय पर्वत के पश्चिमी भाग में स्थित है, से होते हुए मंकीयानी चोटी पर चढ़ने का प्रयास करेगा। इस दौरान विद्यार्थी गुर्जर तथा गद्दी कबीलों की संस्कृति से भी वाकिफ होंगे। इस बार दल का नेतृत्व डॉ. चंद्रशेखर डागर कर रहे हैं। विद्यार्थी इस अभियान के दौरान वहां की वनस्पति और जीवों का भी अध्ययन करेंगे। स्वच्छ हिमालय कैंपेन को विश्वविद्यालय द्वारा प्रोत्साहित करने की दिशा में यह एक और कदम है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........नभ. छोर........

दिनांक 12.4.2019... पृष्ठ सं. ...3....... कॉलम ...6-8.......

# मंकीयानी चोटी पर फतह के लिए हकृवि दल रवाना



हिसार/12 अप्रैल/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के पर्वतारोहण क्लब का 25 सदस्य दल हिमालय की मंकीयानी चोटी पर फतह हासिल करने के लिए रवाना हुआ जिसे छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने झंडी दिखाकर रवाना किया और दल को सुरक्षित व सफल अभियान के लिए शुभकामनाएं दीं। इस छह दिन के कार्यक्रम में यह दल धर्मशाला से होते हुए कांगड़ा जिले के सांस्कृतिक गांव करेरी व करेरी झील जोकि हिमालय पर्वत के पश्चिमी भाग में स्थित है, से होते हुए मंकीयानी चोटी पर चढ़ने का प्रयास करेगा। इस दौरान विद्यार्थी गुर्जर व गद्दी कबीलों की संस्कृति से भी वाकिफ होंगे। इस बार दल का नेतृत्व डॉ. चंद्रशेखर डागर कर रहे हैं। विद्यार्थी इस अभियान के दौरान वहां की वनस्पति और जीवों का भी अध्ययन करेंगे। स्वच्छ हिमालय कैंपेन को विश्वविद्यालय द्वारा प्रोत्साहित करने की दिशा में यह एक और कदम है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........निरन्तर शोर्यक टाइम्स........

दिनांक 12.4.2019 पृष्ठ सं. ......6...... कॉलम ......7-8......

# हकृवि का 25 सदस्यीय पर्वतारोही दल हिमालय की मंकीयानी चोटी के लिए रवाना



हिसार, 12 अप्रैल (निस)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के पर्वतारोहण क्लब का 25 सदस्यीय दल हिमालय की मंकीयानी चोटी पर फतह हासिल करने के लिए रवाना हुआ। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया ने दल को झंडी दिखाकर अभियान के लिए रवाना किया और दल को सुरक्षित व सफल अभियान के लिए शुभकामनाएं दीं। इस छः दिन के कार्यक्रम में यह दल धर्मशाला से होते हुए कांगड़ा जिले के सांस्कृतिक गांव करेरी व करेरी झील जोकि हिमालय पर्वत के पश्चिमी भाग में स्थित है, से होते हुए मंकीयानी चोटी पर चढ़ने का प्रयास करेगा। इस दौरान विद्यार्थी गुर्जर व गद्दी कबीलों की संस्कृति से भी वाकिफ होंगे। बता दें कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय पर्वतारोहण दल समय-समय पर ऐसी साहसिक व रोमांचक गतिविधियों का आयोजन करता रहता है। इस बार दल का नेतृत्व डॉ. चंद्रशेखर डागर कर रहे हैं। विद्यार्थी इस अभियान के दौरान वहां की वनस्पति और जीवों का भी अध्ययन करेंगे। स्वच्छ हिमालय कैंपेन को विश्वविद्यालय द्वारा प्रोत्साहित करने की दिशा में यह एक और कदम है।